**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विभाग भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

(भूतल "ग" विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, दूरभाष -0755-2551594, ई-मेल cephbpl@nic.in)

क्र. 2026 /स्था./मु.अ./लो.स्वा. यां. वि./परिक्षेत्र/2025/भोपाल दिनांक.....17/09/2025

प्रति

**प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,**
**जल भवन बाणगंगा भोपाल म.प्र.**

विषय:- नियमित रसायनज्ञ के पद पर नियुक्ति से संबंधित कार्यवाही नस्तीबद्ध किये जाने पर सूचना विभागीय वैबसाईट पर प्रदर्शित करने बाबत।

------00------

विषयांतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल के अंतर्गत अराज्यस्तरीय स्तर के पदो पर विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन नियमित रसायनज्ञ के पद पर नियुक्ति से संबंधित कार्यवाही नस्तीबद्ध किये जाने की सूचना विभागीय वैबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किये जाने का अनुरोध है ।

**संलग्न:-उपरोक्तानुसार**

17/9/25

**(आर.के.हिरोडिया)**
**मुख्य अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

## //सूचना पत्र//

म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-8-4/2021/आ.प्र./एक दिनांक 03.07.2018 एवं समसंख्यक परिपत्र क्रमांक एफ-8-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04 जनवरी 2024 द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग के पत्र क्र. 5413/स्था./अराज/भोपाल दिनांक 07.06.2024 के द्वारा भोपाल परिक्षेत्र में निःशक्तजनो के लिये आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक-इन इंटव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु प्राप्त निर्देशों के परिपालन में इस कार्यालय के पत्र क्र. 1212/स्था./मु.अ./लो.स्वा.यां.वि./परिक्षेत्र/2024 भोपाल दिनांक 19.06.2024 द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किये जाने हेतु उपसंचालक (विज्ञापन) जनसंपर्क संचालनालय जनसंपर्क भवन परिसर बाणगंगा चौराहा भोपाल म.प्र. को पत्र प्रेषित किया गया जिसके अनुक्रम में इन पदों की विज्ञप्ति विभिन्न समाचार पत्रों में जी-12373/49750/2024 द्वारा प्रकाशित हुई। मुख्य अभियंता, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल के पत्र क्र. 1278 दिनांक 27.06.2024 से आयुक्त संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से किए गए अनुरोध के तारतम्य में दिव्यांगजनों के रिक्त पदों हेतु वॉक इन इंटरव्यू की कार्यवाही पूर्ण करने पर नियमित हैण्डपंप तकनीशियन/भृत्य/सफाई कामगार के नियुक्ति आदेश जारी किये गये थे।

लेख है कि नियमित रसायनज्ञ के पद हेतु प्राप्त आवेदन में से एक आवेदन श्री अनुराग शर्मा के दिव्यांग प्रमाण पत्र पर संदेहस्पद होने के कारण मेडिकल बोर्ड मुरैना एवं आवेदक को मेडिकल बोर्ड में उपस्थित होकर परीक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था परन्तु उनके द्वारा अन्य जिले का दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे मान्य किया जाना नियमानुसार उचित नही था। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1914/स्था./दिनांक 08.09.2025 द्वारा आयुक्त संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भोपाल को मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल पत्र क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक/दिनांक 29.04.2025 के संदर्भ में विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्त पदो की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से न की जाकर भर्ती प्रक्रिया का अनुसरण करते हुये किये जाने के संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1336/स्था./दिनांक 27.06.25, पत्र क्रमांक 1405 दिनांक 04.07.25 एव पत्र क्रमांक 1702 दिनांक 11.08.25 द्वारा मार्गदर्शन चाहा गया था परन्तु मार्गदर्शन प्राप्त न होने के कारण एवं शासनादेश अनुरूप पृथक से भर्ती प्रक्रिया का अनुसरण कर भर्ती की कार्यवाही करने के अधिकार इस कार्यालय को प्रदत्त नही होने से नियमित रसायनज्ञ पद पर नियुक्ति से संबंधित कार्यवाही नस्तीबद्ध की गई है।

नियमित रसायनज्ञ पद पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जा रही नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया नस्तीबद्ध की जाती है।

17/9/25

**मुख्य अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग**
**भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**